विधायक पहुंचे प्रधानमंत्री आवास योजना की लॉटरी पद्वति देखने

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय परिसर में मंगलवार को सुबह 11:00 बजे से आवास आबंटन लॉटरी पद्वति से किया जा रहा था। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन औचक रूप से लॉटरी पद्वति से किये जा रहे आबंटन प्रक्रिया को देखने पहुंचे। हितग्राहियो द्वारा 10 प्रतिशत अंशदान राशि जमा कर चुके थे। वे हितग्राही अपने क्षेत्र के मकान के ड्रा मे शामिल हो रहे थे। एक–एक करके सबका नाम पुकारा जा रहा था, हितग्राही स्वयं आकर अपने हाथो से डब्बे में से पर्ची निकाल रहे थे। जिसके भाग्य में जो मकान की पर्ची निकलती थी, वो उसे प्रदान कर दिया जा रहा था। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि प्रधानमंत्री जी की बहुत ही महत्वकांक्षी योजना है। हर गरीब को मकान मिले उसके सर पर पक्का छत हो। गरीबो के बारे में निकटता से सोचने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिये। उन्होने कहा रहने के लिए घर, इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड, राशन के लिए राशन कार्ड, बहनो को खर्चा करने के लिए महतारी वंदन योजना, बुर्जुगो के लिए सामाजिक सुरक्षा पेशन योजना, रोजगार करने वालो के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना इत्यादि तमाम प्रकार के जनकल्याणकारी योजनाएँ नागरिको के कल्याण के लिए चलायी जा रही है। नगर निगम भिलाई में चिन्हित स्थल पर कुल 1003 आवासो में से कृष्णा इंजीनियरिंक के पीछे खम्हरिया के 43 मकान, अविनाश मेट्रोपॉलिश के 1 मकान, एनार स्टेट खम्हरिया के 18 मकान, माईल स्टोन स्कूल के पास 4 मकान, स्वप्निल बिल्डर्स कुरूद के 1 मकान एवं आम्रपाली वनांचल सिटी हाउसिंग बोर्ड के 1 मकान का आबंटन किया गया है। जिसमें वरिष्ठजन, दिव्यांगजन व आरक्षित हितग्राही को भूतल के मकान का आबंटन किया गया है। हितग्राही अपने शेष 90 प्रतिशत राशि जमा करके शीध्र मकान प्राप्त कर सकते है।